संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 05 दिनांक 01/02/2021

# हादसे रोकने की कवायदः ट्रैफिक सुधार के लिए नगर निगम लगा रहा छोटे डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर



रतलाम | ट्रैफिक सुधार के लिए नगर निगम शहर की सड़कों पर छोटे डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर लगा रहा है। न्यू रोड, दिलबहार चौराहा, नगर निगम और कॉलेज रोड पर इन्हें लगाया है। इसके साथ ही स्पीड ब्रेकर भी लगाए जा रहे हैं। कॉलेज रोड, नगर निगम, दो बत्ती थाने के सामने, ट्रैफिक थाने के सामने, टीआईटी रोड, दिल बहार चौराहा, वेद व्यास कॉलोनी, मानव सेवा समिति के सामने स्पीड ब्रेकर लगाए हैं। फोटो पिंटू मेहता

भास्कर

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जाएगा

## 612 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 30 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 612 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया।

अभियान के तहत 30 जनवरी को अलकापुरी, सैलाना रोड सहित नगर के अन्य क्षेत्रों से 8 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों को मवेशी मुक्त बनाए जाने हेतु निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा, इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ों का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है, वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है, तो निगम द्वारा उन्हें तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचता है, तो पालक पर 500 रुपए का अर्थदण्ड किए जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रुपए 500 वसूल करेगा।

### शहर से निकलने वाले कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर होगा प्रतिदिन वजन

रतलाम। शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के वजन की गणना हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर 2 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार नियुक्त कर्मचारी कमल–दिनेश दामा व दैनिक मांगीलाल पृथक–पृथक पारी में कचरा संग्रहण वाहन, डम्पर, ट्रेक्टर-ट्रॉली से आने वाले कचरे का वाहन सहित वजन करेंगे तथा कचरा खाली करने के बाद खाली वाहन का वजन करेंगे, जिससे शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे की गणना होगी।

प्रसा/201-1

# गंदगी करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही सी सी टी वी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही हैं।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सी सी टी वी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है, इस हेतु पुलिस कंट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर ग्लोबल इलेक्ट्रिक स्टेशन रोड पर 500, संगम इलेक्ट्रिक, बादशाह इलेक्ट्रिक स्टेशन रोड पर 250-250, जैन रेस्टोरेंट, रतलाम कैफे, गोवर्धनलाल स्टेशन रोड, मक्खन, प्रकाश दो बत्ती, मनीष महू रोड बस स्टेण्ड, घनश्याम महू रोड पर 100-100, कमल, गोपाल महू रोड, ओमप्रकाश महू रोड बस स्टेण्ड पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया।

प्रसा/210-1

### सड़क पर कचरा फेंकने पर 16 व्यक्तियों से अमले ने जुर्माना वसूला

रतलाम | मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सड़क पर कचरा फेंकने वाले 16 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया है। इनमें महू रोड बस स्टैंड के संत कुमार, अनिल, उज्जवल पर 100 रुपए, संगीता, रिजवान, जाकिर, राजू, बबलू, रमेश, पंकज, हरिओम, दिलीप, संजय, प्रहलाद, अनिल व रमेश पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन किया। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान ने की।

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 08 दिनांक.....01/02/2021

पार्षद पद के लिए पार्टी ने आवेदन लिए

# 49 वार्ड में 153 आवेदन, 50% टिकट महिलाओं को देना तय

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. नगर निगम चुनाव की सुगबुगाहट के बीच शहर कांग्रेस ने पहले 27 जनवरी व इसके बाद 30 जनवरी तक शहर के 49 वार्डों के लिए पार्षद पद चुनाव लड़ने वाले दावेदार से आवेदन मंगवाए थे। पार्टी के अनुसार 49 वार्डों के लिए 153 आवेदन आए हैं। पार्टी ने निर्णय लिया है कि 50 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिए जाएंगे। 5 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सहित शहर के चुनाव संचालक व सहायक संचालक शहर में आएंगे तब टिकट को लेकर पहले दौर की मंथन बैठक होगी।

नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस का आकलन है कि 4 मार्च को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के बाद 10 मार्च के पूर्व आचार संहिता लग जाएगी व 15 अप्रैल के पूर्व महापौर सहित 49 वार्डों के लिए पार्षद के चुनाव हो जाएंगे। इसके लिए ही पार्टी अंदरुनी अपनी तैयारी को जारी रखे हुए हैं। कांग्रेस ने 15 जनवरी से ही 27 जनवरी तक पार्षद व महापौर पद के लिए आवेदन मांगे थे। इसमें कुछ वार्डों के दावेदारों के परिवार के कार्य के चलते बाहर रहने के कारण आवेदन देने की तारीख को 27 जनवरी से बदलकर 30 जनवरी किया गया। 31 जनवरी को आए हुए आवेदन की गणना वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में की गई तो वे 153 निकले। इस हिसाब से एक वार्ड में तीन से चार दावेदारों ने टिकट मांगा है। महापौर व पार्षद पद के आए हुए आवेदनों पर अब चर्चा निकाय चुनाव के लिए रतलाम के बने चुनाव प्रभारी के साथ शहर कांग्रेस की होगी। इसके लिए 5 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत, चुनाव संचालक पूर्व मंत्री प्रियव्रतसिंह व पुष्पा भारतीय आएंगे।

कांग्रेस में हमारा यही लोकतंत्र है कि चुनाव लड़ने के सभी दावेदारों को एक मंच पर वरिष्ठ नेतओं के सामने दावा पेश करने का अवसर मिलेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता दावेदारों की बात सुनकर तय करेंगे की टिकट किसको दिया जाए।

**- महेंद्र कटारिया,** शहर कांग्रेस अध्यक्ष

पत्रिका

मंत्री अरविंद भदौरिया ने किया ऐलान

# किराना दुकान में तब्दील होंगी राशन की दुकानें, सरकार लाएगी नया मॉडल

## 3629 संविदा विक्रेताओं की नियुक्ति के आदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. प्रदेश में सस्ते राशन की दुकानें (पीडीएस) अब किराना दुकानों में बदलेंगी। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने रविवार को इसका ऐलान किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान से इस नए मॉडल की मंजूरी मिल गई है। इसके तहत उचित मूल्य की दुकानों को स्थानीय जरूरत के हिसाब से बहुउद्देशीय बनाया जाएगा। 3629 कनिष्ठ संविदा विक्रेताओं की नियुक्ति का आदेश भी जारी कर दिया गया है। इससे 26.13 करोड़ रुपए का सालाना बोझ सरकार पर आएगा। पिछली शिवराज सरकार में इनका चयन हुआ था, लेकिन 2018 में भाजपा सरकार के बजाय कांग्रेस सरकार आ गई, तो इन्हें नियुक्तियां नहीं मिल पाई थीं। अब भाजपा सरकार आने पर वापस इन्हें नियुक्ति देने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। 10 फरवरी तक ये ज्वाइन कर लेंगे।

**तेलंगाना मॉडल पर काम :** मंत्री भदौरिया ने कहा कि तेलंगाना में सहकारी संस्थाओं के मॉडल पर अध्ययन किया जा रहा है। वहां की अच्छी बातों को अपनाया जाएगा। गुजरात और महाराष्ट्र के मॉडल का भी अध्ययन हो रहा है। मप्र में एक भी पैक्स संस्था या सहकारी बैंक बंद नहीं होने दिया जाएगा। 4523 पैक्स संस्थाओं का कंप्यूटराइजेशन किया जाएगा।

## रोड का काम रुका...रहवासियों ने किया चक्काजाम

रतलाम। ठंकाला रोड का काम शुरू नहीं होने से नाराज क्षेत्र की जनता शनिवार सुबह सड़क पर उतर गई और सुबह 11 बजे चक्काजाम कर दिया। नाराज रहवासियों ने आयुक्त मुर्दाबाद के नारे लगाए। रहवासियों ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास से टू लेन का काम शुरू हुआ था। इससे लगा था कि अब गड्ढों की समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी लेकिन थोड़ा काम हुआ और काम बंद हो गया। इससे परेशानी और बढ़ गई। इससे रोजाना दुर्घटना हो रही है। अभी तक कई लोग गिर कर घायल हो गए हैं। इसके बाद भी नगर निगम और जिला प्रशासन को लोगों की चिंता नहीं है। आखिर कब तक परेशानी में रहें। इससे आज मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ा है। लोगों द्वारा चक्काजाम करने से दोनों और वाहनों की कतार लग गई। निगम के अधिकारी समझाने पहुंचे लेकिन लोगों ने एक ना सुनी व रास्ते से हटे नहीं। इसके बाद स्टेशन रोड टीआई मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। इस मौके पर लखन राजवानिया, वरुण रुपानिया, परमानंद सोनगरा, पत्रकार भरत शर्मा, वर्षा भल्ला, दिनेश बैरागी, गायत्री प्रसाद दीक्षित सहित क्षेत्र के रहवासी मौजूद थे।

## स्थानीय अवकाश घोषित

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। तदनुसार 10 सितम्बर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट के लिए, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी पर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट तहसीलों में, 17 सितम्बर को डोल ग्यारस जावरा तहसील में, 28 सितम्बर को चेहलुम के दूसरे दिन जावरा में, 6 अक्टूबर सर्व पितृ अमावस्या को रतलाम शहर तथा ग्रामीण में, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा तथा सैलाना में, 5 नवम्बर दीपावली के दूसरे दिन रतलाम शहर, ग्रामीण तथा आलोट में, 6 नवम्बर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। नवभारत

## निगम में भी दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को याद किया

नवभारत

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम सभागृह में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये व दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को याद किया।

## 14 दिन में 10.43 लाख संपत्तिकर और 2.51 लाख रुपए जलकर जमा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कर वसूली के लिए नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे बकाया वसूली शिविर में 14 दिनों में 10.43 लाख का संपत्तिकर और 2.51 लाख रुपए का जलकर जमा हुआ है। 1 फरवरी को वार्ड 9 व 10 के लिए मॉर्निंग स्टार स्कूल के पास शिविर लगेगा।

इसी तरह 2 व 3 फरवरी को वार्ड 9 और 10 के लिए कस्तूरबा नगर में शिविर लगेगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया नागरिकों की सुविधा के लिए 18 जनवरी से लगना शुरू हुए शिविर 27 मार्च तक लगाए जाएंगे। इनमें कर के अलावा दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि भी जमा की जा रही है। भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर –पृष्ठ 03 दिनांक.....01/02/2021

**तैयारियां पूरी** • झुग्गी बस्तियों में रहने वाले 101 परिवारों का पक्के मकानों में कराएंगे गृह-प्रवेश

# निकाय चुनाव जीतने की तैयारी, 27 महीने बाद सीएम 4 फरवरी को 4 घंटे शहर में रहेंगे

**गरीब परिवार के साथ करेंगे भोजन, श्री कालिका माता मंदिर में मत्था भी टेकेंगे**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगरीय निकाय चुनाव में 40 से ज्यादा वार्ड जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के मिशन को मंजिल तक पहुंचाने 4 फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 4 घंटे दोपहर 12 से अपराह्न 4 बजे तक शहर में रहेंगे। मुख्यमंत्री रहते 27 माह बाद आ रहे चौहान 101 से ज्यादा परिवारों को अफोर्डेबल हाउस में गृह-प्रवेश करवाएंगे।

गरीब परिवार के भोजन करेंगे व श्री कालिका माता को मत्था टेकेंगे। लेकिन मुख्य कार्यक्रम डोसीगांव की प्रधानमंत्री आवास योजना की साइट पर होगा। इसमें मुख्यमंत्री 200 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। रविवार रात विधायक चेतन्य काश्यप ने बैठक लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसके पहले सीएम 12 सितंबर 2018 को मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करने आए थे।

## कलेक्टोरेट में देखेंगे शहर के विकास का रोडमैप



डोसीगांव में सीएम की सभा के लिए बनाया जा रहा डोम।

4 फरवरी का दौरा 27 जनवरी के कार्यक्रम से बिलकुल उल्ट गया है। 4 फरवरी के प्रस्तावित कार्यक्रम में सीएम हवाई पट्टी पर उतरकर पलसोड़ा में अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। श्री कालिका माता के दर्शन करते हुए कलेक्टेट पहुंचकर शहर विकास के रोडमैप का प्रेजेंटेशन देखेंगे। फिर भोजन करके सीधे डोसीगांव जाएंगे। 27 जनवरी को प्रशासन ने सबसे पहले डोसीगांव की सभा, उसके बाद बाकी के कार्यक्रम रखे थे।

## 2014 के चुनाव में राजनीतिक दलों की स्थिति

- **भाजपा** - 49 में से 30 वार्ड में जीत दर्ज कर भाजपा ने पूर्ण बहुमत से परिषद बनाई थी। तीन निर्दलीयों ने भी भाजपा को समर्थन दे दिया था।
- **कांग्रेस** - 2014 में कांग्रेस के 13 पार्षद जीते थे। वहीं तीन निर्दलीयों ने भी कांग्रेस को समर्थन दे दिया था। नेता प्रतिपक्ष यास्मीन शेरानी बनीं।

## 200 करोड़ रुपए से ज्यादा के कामों का आगाज करेंगे

- **प्रधानमंत्री आवास योजना** - शिवशंकर कॉलोनी झुग्गी बस्ती में रहने वाले 101 से ज्यादा परिवारों का गृहप्रवेश। 55 करोड़ से बने डोसीगांव व मुखर्जी नगर के 964 ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी फ्लैट्स का लोकार्पण।
- **गोल्ड पार्क व ट्रांसपोर्ट नगर** - गोल्ड पार्क नगर निगम के सामने 167 करोड़ के निवेश से बनना है। ट्रांसपोर्ट नगर के लिए प्रशासन सालाखेड़ी में 18 हेक्टेयर जमीन आवंटित कर चुका है।
- **सिटी फोरलेन** - सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक बन चुके 1000 मीटर लंबे सिटी फोरलेन का लोकार्पण, योजना में 767 मीटर की न्यू रोड बन चुकी।
- **बगीचे** - श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित और अमृत सागर तालाब के किनारे बगीचों का लोकार्पण। सौंदर्यीकरण 2.98 करोड़ में किया गया है।
- **पुलिस हाउसिंग** - 12.30 करोड़ की लागत से बने दीनदयाल नगर थाने के नए भवन, पुलिस लाइन व अजाक थाने के पास मल्टियों में बने आवास का लोकार्पण।
- **हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी** - हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी का भूमिपूजन। इसमें 514 प्लाट व मकान और 11 बगीचे भी बनेंगे।
- **रेल पुलिया का चौड़ीकरण** - बाजना फोरलेन की इस रेलवे पुलिया को 19.46 करोड़ में फोरलेन इतना चौड़ा बनाया जाएगा।

*निकाय चुनाव में 40 से ज्यादा वार्ड जीतने का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रहे हैं। 4 फरवरी को मुख्यमंत्री शहर विकास का पांच साल को रोडमैप देखेंगे। विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।*
**चेतन्य काश्यप**, विधायक

*मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम डोसीगांव में होगा। उसके लिए जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। लगभग 4 घंटे का दौरा कार्यक्रम बनाकर भेजा है। फाइनल कार्यक्रम भोपाल से ही तय होकर आएगा।*
**गोपालचंद्र डाड**, कलेक्टर

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 02 दिनांक 01/02/2021

# घरों के पीछे नाली में डाल दी सीवरेज की पाइप लाइन

## सीवरेज प्रोजेक्ट पर काम कर रही कंपनी की मनमानी, खोदाई के बाद मरम्मत भी नहीं की

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सीवरेज सिस्टम की पाइप लाइन डालने के लिए की जा रही खोदाई से शहरवासी परेशान हैं। अब प्रोजेक्ट पर काम कर रही कंपनी हाउस कनेक्शन में भी मनमाने तरीके से काम कर रही है। हिम्मत नगर क्षेत्र में घरों के पीछे की नाली में ही हाउस कनेक्शन के लिए पाइप डाल दिए गए। क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि इससे नाली में पानी रुकेगा और पाइप क्षतिग्रस्त होने पर गंदगी भी जमा हो जाएगी।

मालूम हो कि शहर में सीवरेज सिस्टम के लिए पाइप लाइन डालने का काम जय वरुणी कंपनी कर रही है। कई स्थानों पर पाइप लाइन के लिए खोदाई के बाद ठीक से मरम्मत नहीं की गई है।



हिम्मत नगर में घरों के पीछे नाली में ही सीवरेज के पाइप डालकर कनेक्शन दे दिए गए हैं। ●नईदुनिया


कस्तूरबा नगर क्षेत्र में तो शव वाहन से लेकर एंबुलेंस के सीवरेज लाइन के लिए खुदाई के बाद बने गड्ढों में फंसने की घटनाएं हो चुकी हैं। काम की धीमी चाल व आवागमन बाधित होने से नाराज व परेशान लोग समस्या के निराकरण के लिए लगातार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर रहे हैं। हिम्मत नगर के गोपाल सोनी ने बताया कि घर के पीछे पाइप लाइन डालकर छोड़ दी गई। शिकायत की तो कंपनी के लोगों का रवैया बेहद गैर जिम्मेदार रहा। नाली में पाइप डालने से परेशानी बढ़ेगी।

मालूम हो कि करीब 165 करोड़ की लागत के सीवरेज सिस्टम के लिए वर्ष 2018 से काम चल रहा है। मार्च 2020 तक काम पूरा होना था। पहले डीपीआर में शहर में चार एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनाए जाने थे। इसमें शहर के चार स्थानों तक छोटी लाइनों से गंदा पानी एसटीपी तक लाया जाना था। यहां पानी साफ कर पेयजल को छोड़कर उपयोग के लिए रेलवे सहित अन्य औद्योगिक यूनिटों को पानी देने की तैयारी की थी। बाद में संशोधन कर खेतलपुर व करमदी में ही एसटीपी का प्रविधान किया गया। इस वजह से अब ग्रेविटी के अनुसार ट्रंक लाइन की गहराई ज्यादा रखी जाने से खोदाई में भी देरी हो रही है। जय वरुणी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश चौधरी ने बताया कि अगर आगे से भूमिगत कनेक्शन देते हैं तो घरों में ड्रेनेज सिस्टम बदलना पड़ेगा। पीछे कनेक्शन देने के बाद नाली पर ब्लॉक लगाएंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 01 दिनांक 01/02/2021

# वॉल पेंटिंग से गढ़ रहे सुंदर शहर: यह है 35 मीटर लंबी स्वच्छता की रेल, राहगीरों को देगी सफाई रखने की सीख

250 स्थानों पर कर रहे पेंटिंग | 20 लाख में दिया ठेका | 5000 वर्गफीट में करेंगे वॉल पेंटिंग | 01 साल में करना होगी वॉल पेंटिंग



**रतलाम** | पॉवर हाउस रोड पर उतरी यह रेल असली नहीं बल्कि शहर को सुंदर बनाने के लिए की गई आर्ट पेंटिंग कर बनाई गई है। रेलवे अधिकारियों के बंगले से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तक जा रही बाउंड्रीवॉल पर चित्रित यह 35 मीटर लंबी रेल स्वच्छता अभियान में राहगीरों को सफाई रखने की सीख देने के बनाई गई है। भास्कर

**टीम काम में जुटी :** पेंटर आकाश कुमार सहित तीन पेंटरों की टीम शहर में 250 से अधिक स्थानों पर इसी तरह आर्ट पेंटिंग कर रही है। निगम इस पर 20 लाख रुपए खर्च करेगा। इंदौर की मोनिका वॉल पेंटिंग एंड एडवरटाइजमेंट के दिलीप तोरता ने बताया कि लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के लिए शहर की पहचानों को भी सार्वजनिक जगहों पर चित्रित किया जाएगा।

**नारे लिखवा रहे हैं :** आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया वॉल पेंटिंग के साथ स्वच्छता के संदेश, नारे भी लिखवाए जा रहे हैं। पूरे शहर में लगभग पांच हजार वर्गफीट से ज्यादा में इसी तरह अलग-अलग प्रकार की वॉल पेंटिंग करवाई जा रही है। यह फरवरी अंत तक खत्म हो जाएगा। मार्च में फाइनल स्वच्छ सर्वेक्षण होना है।